# लातेहार के फुटपाथ विक्रेताओं को मिली नई पहचान

## भारत सरकार के वेंडरों की सूची में मिला स्थान

21 फुटपाथ विक्रेताओं को सौंपी गई

## क्यूआर स्मार्ट कार्ड व वेंडिंग सर्टिफिकेट

### 21 फुटपाथ दुकानदारों को क्यूआर स्मार्ट कार्ड व वेंडिंग सर्टिफिकेट



**भास्कर न्यूज |लातेहार**

नगर पंचायत विभाग ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के फुटपाथ विक्रेताओं को दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) अंतर्गत क्यूआर बेस्ट स्मार्ट कार्ड एवं वेंडिंग सर्टिफिकेट दिया। विभागीय कार्यालय परिसर में नपं अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा एवं सदर एसडीओ सह विभाग के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार ने शहरी क्षेत्र के 21 फुटपाथ विक्रेताओं को क्यूआर बेस्ट स्मार्ट कार्ड एवं वेंडिंग सर्टिफिकेट सौंपा। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष तिर्की ने कहा कि यह कार्ड आपकी पहचान है। जिन वेंडरों को यह कार्ड मिल गया है, उनका नाम भारत सरकार के वेंडरों की सूची में शामिल हो गया है। उपाध्यक्ष सिन्हा ने बताया गया कि शहर में बनने वाले वेंडिंग जोन में वैसे ही फुटपाथ विक्रेताओं को स्थान मिलेगा, जो नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चिह्नित किए गए हैं और जिनको यह सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। सदर एसडीओ सह प्रभारी ईओ कुमार ने कहा कि नगर पंचायत अंतर्गत चिन्हित सभी फुटपाथ विक्रेताओं को इस प्रकार का आईडी कार्ड प्रदान किया जाएगा। सभी शहरी फुटपाथ विक्रेताओं की पहचान इसी कार्ड के द्वारा होगी।